लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी शिवांगी स्वर्णकार, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 46 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः— 02.05.2019

श्री योगेश पिता प्रहलादराय काबरा निवासी म.नं. 1 मोहन विला, जय कल्याण कॉलोनी, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम—2005

निर्णय

दिनांक 20.05.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 13.03.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 46 / 2019 / (20.05) / 191 दिनांक 06.05.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 20.05.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 20.05.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 46/2019 (सू.अ.)
श्री योगेश काबरा निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा कि उसे आदिनांक तक उक्त अपील का अपीलोत्तर प्राप्त नहीं हुआ है अतः वांछित दस्तावेज प्रत्यर्थी से हस्तक्षेप करा प्रदान कराने के आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/70 दिनांक 20.05.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह कि प्रार्थी श्री योगेश पिता प्रहलाद राय काबरा निवासी म. नं. 1, मोहन विला, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 13.03.2019 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 14.03.2019 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही गई सूचना के समस्त तथ्य उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़, प्रभारी अधिकारी, जिला अभिलेखागार चित्तौड़गढ़ एवं प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग से संबंधित होने से प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्रार्थना पत्र इस कार्यालय द्वारा पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/2119 दिनांक 14.04.2019 को उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़, प्रभारी अधिकारी, जिला अभिलेखागार, चित्तौड़गढ़ एवं प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग को भिजवाया गया है।
3. यह है कि उपखण्ड अधिकारी चित्तौड़गढ़, प्रभारी अधिकारी जिला अभिलेखागार, चित्तौड़गढ़ एवं प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग चित्तौड़गढ़ से सूचना प्राप्त कर कुल किता–02 इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/2119 दिनांक 17.05.2019 को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भिजवा दी गई है। (पत्र की प्रति संलग्न है)

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 46 / 2019 (सू.अ.)
श्री योगेश काबरा निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

2019 / 70 दिनांक 20.05.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2019 / 2119 दिनांक 17.05.2019 से रजिस्टर्ड ड़ाक से उपलब्ध कराई जा चुकी है।

चूंकि अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी द्वारा उसके द्वारा वांछित सूचना / प्रतिलिपियां जरिये रजिस्टर्ड ड़ाक द्वारा निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 46 / 2019(सू.अ.) / 208 दिनांकः– 20 / 05 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री योगेश पिता प्रहलादराय काबरा निवासी म. नं. 1 मोहन विला, जय कल्याण कॉलोनी, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)